

## एक नजर में

### भव्य एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण



**जीरापुर 08 दिसम्बर, सं.** भव्य एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में ऐतिहासिक प्रसिद्ध स्थलों पर बच्चों को वहां कि विशेषता से अवगत कराया गया. इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह और आनंद के साथ देवास माताजी, ओंकारेश्वर महादेव, उज्जैन महाकाल, ऐतिहासिक स्थल महेश्वर, मांडवगढ़ में रानी रूपमती का महल, जल महल, हिंडोला महल, पर्यटन स्थल हनुवंतिया टापू का भ्रमण किया. विद्यालय संचालक विष्णु मंडलोई ने बताया कि इस भ्रमण से छात्रों में जहां उत्साह नजर आया वहीं किताबों से परे जाकर, वास्तविक दुनिया के अद्भुत स्थलों, ऐतिहासिक इमारतों और धार्मिक स्थानों को देखने का अवसर भी मिला. विद्यालय प्राचार्य स्वामी आचार्य ने बताया कि इस भ्रमण से हमारे छात्रों को न केवल उनके ज्ञान को व्यावहारिक रूप दिया, बल्कि उनमें जिज्ञासा, और सामूहिक भावना का भी विकास हुआ. भ्रमण दल में विद्यालय शिक्षक राम कैलाश दांगी, विजय सेन, हंसराज दांगी, दीपक वर्मा, ललित किरार, संजय दांगी, मंजू राठौर, गीता जयसवाल, सीमा मेवाडे, खुशबू धांधल, संजना वेष्णव, मंजू वर्मा, रवीना किरार, शिवानी सेन सहित छात्र, छात्राएं शामिल हुए थे.

### स्वचिंतन उन्नति की सीढ़ी और परचिंतन पतन की जड़ है



**राजगढ़ 08 दिसम्बर, का.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, राजगढ़ सेवा केंद्र पर एक शाम प्रभु के नाम थीम के अंतर्गत चिंतन घाटे का सौदा विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी के.एन. गुप्ता, पूर्व डाइट प्राचार्य ए.के. शर्मा, डॉक्टर अभिनव विजयवर्गीय, पूर्व प्रोफेसर एम.एल. गुप्ता, समाजसेवी प्रताप सिंह सिसोदिया ब्रह्माकुमारीज की राजगढ़ जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी मधु दीदी एवं अनेक प्रतिभागी और गणमान्यजन मौजूद रहे. कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया. ब्रह्मकुमारी दीपिका दीदी ने बताया कि वर्तमान समय हमारा चिंतन अधिकांश दूसरों के लिए व्यर्थ सोच ज्यादा चलती है यही टेंशन का कारण है. नकारात्मक और व्यर्थ चिंतन मन की शक्ति को नष्ट करता है तथा स्वचिंतन और श्रेष्ठ चिंतन मन को शक्तिशाली बनाता है. स्वचिंतन उन्नति की सीढ़ी है और पर चिंतन पतन की जड़ है. ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने बताया कि हमें तीन पर समाप्त करने है और एक पर धारण करना है, वो तीन पर है पर चिंतन, परदर्शन, परमत और जो एक पर धारण करना है वो है परोपकार. कार्यक्रम में गीत, कविता, कहानी एवं रचनात्मक गतिविधियों द्वारा सकारात्मक चिंतन के बारे में बताया जिसमें अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया.

# असुरक्षा के साये में सैंकड़ों शाला भवन

## जिले में 960 प्रावि, मावि शाला भवनों में नहीं बाउण्ड्रीवॉल, झाडला में बाउण्ड्रीवॉल विहीन शाला भवन में ताला

**बजट के अभाव में बिना बाउण्ड्रीवाल के चल रहे शाला परिसर**

**प्रायमरी स्कूलों को ज्यादा जरूरत**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/झाडला 08 दिसम्बर, सं. शिक्षा को बढ़ावा देने शासन द्वारा लाखों, करोड़ों रुपये लगाकर भव्य भवन निर्माण कराए/ जा रहे है वहीं दूसरी और धरातल पर हालात कुछ और ही नजर आते है. जिले की 960 प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भवनों में सुरक्षा की दृष्टि से बाउण्ड्रीवॉल तक नहीं है. इससे हर समय असुरक्षा का भाव बना रहता है. अब इन असुरक्षित शालाओं को चोरों ने निशाना बनाना शुरु कर दिया है. बाउण्ड्रीवॉल विहीन नरसिंहगढ़ तहसील के झाडला के शासकीय स्कूल में विगत दिवस ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश वहां से एक इलेक्ट्रॉनिक डिजीटल बोर्ड चोरी कर ले गये.**

शासन द्वारा शिक्षा के स्तर को काफी बेहतर करते हुए लाखों, करोड़ों की रुपये की लागत से नवीन भवनों का निर्माण कर शिक्षा के प्रति जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है किंतु धरातल पर कई शासकीय स्कूल भवन ऐसे भी है जिनकी सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है. नरसिंहगढ़ तहसील के झाडला में ऐसे ही एक बाउण्ड्रीवॉल विहीन स्कूल से ताला तोड़कर चोरी होने की घटना प्रकाश में आई है.

जानकारी के अनुसार ग्राम झाडला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में बाउण्ड्रीवॉल नहीं है, इससे कोई भी बाहरी स्कूल तक जा पहुंचता है. विगत दिवस रात्रि में स्कूल के मेन गेट का ताला तोड़कर यहां कक्षा में मौजूद एक इलेक्ट्रॉनिक डिजीटल बोर्ड अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गये. इसी प्रकार कोटरी कलां गांव में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में भी सुरक्षा के तौर पर बाउण्ड्रीवॉल नहीं होना बताया जाता है.

### राज्य शिक्षा केन्द्र के पास अब नहीं आता है फंड

जानकारी के अनुसार वर्ष 2009 तक राज्य शिक्षा केन्द्र के पास स्कूल भवनों की बाउण्ड्रीवॉल के लिए फंड आता था लेकिन इसके बाद फंड का प्रावधान समाप्त कर दिया गया. अब ग्राम पंचायतों को इसका अधिकार दिया गया है कि वह अपने पास मौजूद फंड में से स्कूल की बाउण्ड्रीवॉल करा सकते है. इसके लिए केन्द्र शासन से भी फंड आने की बात कही जा रही है.

### असामाजिक तत्वों का रहता जमावड़ा

जानकारी के अनुसार झाडला स्थित स्कूल में बाउण्ड्रीवॉल नहीं होने के कारण कोई भी बाहरी तत्व स्कूल परिसर तक जा पहुंचते है. शाम होते ही नशा करने वालों का भी जमघट स्कूल के आसपास लगा रहता है.

### प्रबंधन कर चुका है शिकायत

प्रायः बाउण्ड्रीवॉल नहीं होने से स्कूल परिसर के यहां शाम होते ही नशा करने वाले एवं असामाजिक तत्वों की आवाजाही होने लगती है. इसको लेकर स्कूल प्रबंधन द्वारा इसको लेकर विगत दिवस

### सैकड़ो स्कूल असुरक्षित

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय की संख्या 2108 है, इनमें से लगभग 960 शाला भवन में बाउण्ड्रीवॉल ही नहीं है. जबकि शालाओं में छोटे-छोटे बच्चे अध्ययन करने आते है. ऐसे में स्कूल में पढ़ने आने वाले बच्चों एवं स्टॉफ अपने आप को असुरक्षित एवं असहज महसूस करते है. साथ ही स्कूल भवन में चोरी का डर बना रहकर असामाजिक तत्वों एवं नशा करने वालों का जमावड़ा लगा रहता है.

# सरेआम लूटपाट करने वाले आरोपियों को दबोचा

## नागरिक के साहस से भागे आरोपी, पुलिस ने सम्मान किया




नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 08 दिसम्बर, सं.** लूट और चोरी के 02 प्रकरणों में थाना खिलचीपुर पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है. आरोपियों के गैंग को हिरासत में लिया गया है और उनसे माल बरामदगी भी की गई है. अज्ञात आरोपियों की तलाश हेतु साइबर सेल, सीसीटीवी फुटेज विश्लेषण, तथा सूचना तंत्र को सक्रिय किया गया.

जाँच मे पाया गया कि बुजुर्ग व्यक्ति मागीलाल तंवर से सोने की बालियां लूटने वाली घटना मदन पिता पुरीलाल तंवर व फुलसिह पिता शिवसिह तंवर ने कारित कर सोने की बालिया राजेन्द्र उर्फ राजु पिता कल्याण सेन को बेची थी एवं किराना व्यापारी श्याम सुदंर गुप्ता से रूपयों का बैग लूटने का प्रयास वाली घटना मदन पिता पुरीलाल तंवर ने नारायण पिता मागीलाल तंवर के साथ कारित की थी.

गिरफ्तार आरोपियों में मदन पिता पूरीलाल तंवर, निवासी मोतीपुरा, नारायण पिता मांगीलाल तंवर, निवासी कुशलपुरा, थाना भोजपुर, राजेंद्र उर्फ राजू पिता कल्याण प्रसाद सेन, निवासी घाटोली (आभूषण खरीदने वाला) और फरार आरोपियों में फूलसिंह पिता शिवसिंह तंवर, निवासी हरिपुरा जागीर, थाना भोजपुर शामिल है. आरोपियों से सोने की मुरकी/बालियां अनुमानित मूल्य लगभग 50 हजार जब्त किया है. पुलिस द्वारा फरियादी श्यामसुदंर गुप्ता जिन्होंने हिम्मत दिखाते हुए आरोपियों का विरोध किया, जिससे आरोपी मौके से भागने पर मजबूर हुए. उनके साहस की सराहना करते हुए राजगढ़ पुलिस द्वारा उन्हें पुलिस शौर्य साथी के रूप में सम्मानित किया गया.

**प्रकरण 1- बुजुर्ग व्यक्ति से सोने की बालियां लूटी गई-** 21 नवंबर 2025 को फरियादी मांगीलाल तंवर ने रिपोर्ट की कि दो व्यक्तियों ने उनके कान से सोने की दो बालियां छीन लीं.

**प्रकरण 2 किराना व्यापारी से रूपयों का बैग लूटने का प्रयास-** 03 दिसम्बर को एक किराना व्यापारी श्यामसुंदर पिता भवरलाल गुप्ता निवासी पीपली बाजार खिलचीपुर ने रिपोर्ट की कि दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनसे रुपए से भरा बैग लूटने का प्रयास किया.




# 25 लाख की लागत से बावड़ीखेड़ी में बनेगा सामुदायिक भवन

## विधायक ने किये लोकार्पण एवं भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**तलेन 08 दिसम्बर, सं. नरसिंहगढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत बावड़ीखेड़ा में नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा द्वारा किया गया. करीब 20 लाख की लागत से बने इस नवीन भवन का आज मंडल अध्यक्ष तलेन विजय सिंह रुहेला, पंचायत के सरपंच गिरधारी लाल लववंशी की मौजूदगी में किया गया.**

इसी मौके पर बावड़ीखेड़ा पंचायत में ही 25 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया. विधायक मोहन शर्मा के साथ तलेन मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, भाजपा के वरिष्ठ उत्तम सिंह चंदेल वकील, पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राठौड़, सरपंच गिरधारी लाल लववंशी, पंचायत के पंच के साथ साथ भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे. कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल महामंत्री नंदकिशोर शर्मा ने किया. आभार सरपंच गिरधारी लाल लववंशी ने किया.

# ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण कर जाना इतिहास

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 08 दिसम्बर, का.** नगर के प्रतिष्ठित निर्विन्ध्या कॉलेज के विद्यार्थियों ने राजधानी भोपाल व अन्य स्थानों पर पहुंचकर एतिहासिक धरोहरों का भ्रमण कर उनके इतिहास के बारे में वस्तारपूर्वक जानकारी ली. निर्विन्ध्या कॉलेज के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया जिसमें वह कॉलेज के विद्यार्थी भोपाल पहुंचे सभी ने राजा भोज की नगरी और मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के विभिन्न प्रसिद्ध स्थलों को देखा. ऐतिहासिक धराहोर भोजपुर के दर्शन किए. साथ ही भोपाल उत्सव मेला भी देखा. विद्यार्थियों के द्वारा भ्रमण कर इन स्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की. भ्रमण के दौरान महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य खुशबू दास,नीता यादव,गोपाल बैरागी,महेश बैरागी,कमल मेवाड़े सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे.




### कवि सम्मेलन कल

**ब्यावरा 08 दिसम्बर, का.** नगर में कलमकार परिषद के द्वारा 10 दिसम्बर को कवि सम्मेलन का आयोजन रखा गया है. इस बार यह 30 वाँ कवि सम्मेलन होगा जिसमें जाने-माने कविगण कविता पाठ करेंगे. 10 दिसम्बर को स्थानीय सुभाष चौक में रात्रि 8.30 बजे से कवि सम्मेलन प्रारंभ होगा. आयोजक राजेन्द्र खत्री के अनुसार इस बार यह 30 वाँ कवि सम्मेलन होगा जिसमें कवि सम्मेलन में पंडित अशोक नागर शाजापुर, राजेन्द्र जैन हास्य कनासिया, सुश्री शीतल देवयानी इंदौर आदि के द्वारा कविता पाठ किया जाएगा.

# रोकस कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 08 दिसम्बर, का.** रोगी कल्याण समिति में काम करने वाले कर्मचारियों ने सेवा से हटाए जाने के विरोध में ज्ञापन सौंपा है. जिसमें कहा गया कि जिला चिकित्सालय राजगढ़ की रोगी कल्याण समिति में कई साल से कार्यरत करीब 22 कर्मचारियों को हटाकर टेंडर बेसिस पर काम लगाया गया है. कर्मचारियों को समिति से हटाते समय, यह बताया गया था कि रोकस अब शासन के माध्यम से खत्म की जा रही है और आप लोगों को टेंडर के आधार पर रखेंगे. लेकिन 17 नवंबर को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़ के पत्र क्रमांक स्थापना/2025/14584 में रोगी कल्याण समिति के चार लोगों को नियमित कर दिया गया. ज्ञापन में बताया गया कि इनमें कथित रूप से महेश दांगी, सुरेश दांगी, मनोहरलाल दांगी को जिला चिकित्सालय और लखन सिंह को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनखेड़ी में रखा गया है. यह बाकी कर्मचारियों के साथ भेदभाव है. जबकि रखे गए चार कर्मचारियों में से मनोहरलाल दांगी को तत्कालीन कलेक्टर ने निलंबित कर दिया था. साथ ही रक्त शाखा में अवैध तौर पर रक्त बेचते हुए पकड़ा था, इसी आधार पर कार्रवाई की गई थी. लेकिन अब फिर से रख लिया गया है. उपरोक्त कर्मियों को किस नियम के तहत रखा गया है और सभी कर्मचारियों को किस नियम के तहत हटाया गया है. यह दोहरे नियम समझ से परे हैं. कर्मचारियों ने न्याय की मांग की है. ज्ञापन सौंपने वालों में अशोक, सचिन, कलाबाई आदि शामिल रहे.

**समस्या** जंगली जानवरों से फसल बचाने की जद्दोजहद

# सर्द रातों में खेतों की पहरेदारी कर रहे किसान

नवभारत न्यूज

**झाडला 08 दिसम्बर, सं. इन दिनों झाडला सहित दर्जनों गांवों में जंगली जानवर फसलों को चौपट कर रहे है, इन हालातों से किसान खासा परेशान है. रात-रात भर जागकर रखवाली करना पड़ रही है. जानवर फसलों का खाकर या फिर उन्हें रौंदकर नुकसान पहुंचा रहे है.**

जानकारी के अनुसार झाडला सहित ग्राम पखरी,बिसारती,खलेली,झुमका, और आसपास गांव में जंगली सुअर, बंदर, नील गाय व अन्य जानवर खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा रहे है.

जंगली सुअर सबसे अधिक फसलों को क्षति पहुंचा रहे है, झुंड के झुंड खेतों में आ धमकते है और फसल तहस-नहस कर देते है. फसल के साथ ही आलू, मटर, टमाटर आदि सब्जी चौपट कर रहे है. रात के समय अधिक नुकसान पहुंचा रहे है.



### ठंड में रात भर जागना पड़ रहा

जानवरों से फसलों को बचाने किसानों को कड़ाके की ठंड में रात भर खुले आसमान के नीचे जागकर फसलों की रखवाली करना पड़ रही है. बंदर भी बड़ी संख्या में खेतो में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है, यह झुंड में आकर खेतों में आ पहुंचते है. फसल खाते भी है और मचाते हुए तहस -नहस कर देते है.


अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in